हिन्दी प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी चंडीगढ
(तिथि 22 सितम्बर 2025, समय 18:10 (10 मिनट)

मुख्य समाचार:-

- जी.एस.टी की नई दरें लागू हुईं।
- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा- वस्तु एवं सेवा कर सुधारों से अर्थव्यवस्था को मज़बूती और आम लोगों को राहत मिलेगी।
- मोदी सरकार ने सेवा और सुशासन के मंत्र पर चलते हुए लोगों को कर राहत एवं सुनिश्चित पेंशन जैसी सुविधायें प्रदान की।
- मुख्यमंत्री नायब सिंह ने कहा - GST सुधारों से हरियाणा के हर व्यक्ति, हर उद्यमी को लाभ मिलेगा।
- पंचकूला में राज्य स्तरीय महाराजा अग्रसेन सेन जयन्ती समारोह का आयोजन किया गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि महाराजा अग्रसेन सम्पूर्ण भारतीय समाज की विभूति थे।

*****************************************************************

आज प्रथम नवरात्रि पर जी.एस.टी.की नई दरें लागू हो गई हैं। नई पीढ़ी के जी एस टी सुधारों में आम लोगों को राहत देने के लिए उपभोक्ता वस्तुओं की एक विस्तृत श्रृंखला पर दरों में कमी की गई है। हमारे संवाददाता ने बताया है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस वर्ष स्वतंत्रता दिवस पर लालकिले की प्राचीर से जीएसटी सुधारों की घोषणा की। उसके बाद 3 सितंबर को जीएसटी परिषद ने कई क्षेत्रों में कर दरों में कटौती व सरलीकरण का फैसला लेते हुए 22 सितंबर से इनके लागू होने की घोषणा की थी।

*****************************************************************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि वस्तु और सेवा कर सुधारों से अर्थव्यवस्था को मजबूती तथा आम लोगों को राहत मिलेगी। कल शाम राष्ट्र के नाम संबोधन में प्रधानमंत्री ने जी.एस.टी सुधारों को बचत उत्सव का नाम दिया। उन्होंने कहा कि इस बार नवरात्रि का त्योहार बहुत खास है क्योंकि यह जीएसटी बचत उत्सव के साथ शुरू हो रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि कर दरों में कटौती से दैनिक उपभोग की वस्तुएं सस्ती होंगी और उपभोग आधारित वृद्धि की गति तेज़ होगी। इस जी.एस.टी बचत उत्सव में आपकी बचत बढेगी और आप अपनी पसंद की चीजों को और ज्यादा आसानी से खरीद पाएंगे। हमारे देश के गरीब, मध्यवर्गीय लोग, नियो मिडल क्लास, युवा, किसान, महिलाएं, दुकानदार, व्यापारी, उद्यमी सभी को ये बचत उत्सव का बहुत फायदा होगा।

*****************************************************************

शारदीय नवरात्र के पहले दिन सांसद कार्तिकेय शर्मा कालका स्थित काली माता मंदिर में मां के चरणों में नतमस्तक हुए तथा देश और प्रदेश की समृद्धि की कामना की। सांसद ने हवन यज्ञ कर पूजा अर्चना भी की। इस अवसर पर पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने आज से जी एस टी सुधारों के लागू होने पर कहा-

*****************************************************************

सेवा और सुशासन, यानी जनसेवा के लिए शासन के मंत्र से प्रेरित होकर, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार परिवर्तन और प्रगति लाने के लिए अथक प्रयास कर रही है। आज, इस विशेष श्रृंखला - 'सेवा पर्व' में, हम आपके लिए लाए हैं कि मोदी सरकार ने कर राहत और सुनिश्चित पेंशन कैसे प्रदान की है।

*पिछले ग्यारह वर्षों में, सरकार ने मध्यम वर्ग के जीवन में वास्तविक बदलाव लाने के लिए केवल दिखावटी उपायों से आगे बढ़कर काम किया है। आयकर दरों को कम करने से लेकर रिटर्न को सरल*

*बनाने तक, हर कदम नागरिकों को उनकी कमाई का ज़्यादा हिस्सा अपने पास रखने देने के मूल विचार के अनुरूप रहा है। हाल के कर सुधार, खासकर केंद्रीय बजट 2025-26 में किए गए सुधार, इस बात का स्पष्ट संकेत हैं कि सरकार ने राष्ट्रीय विकास के एक स्तंभ के रूप में मध्यम वर्ग पर अपना भरोसा जताया है। एक और बड़ा फैसला यह था कि सालाना 12 लाख रुपये तक कमाने वाले व्यक्तियों को पूंजीगत लाभ जैसी विशेष आय को छोड़कर, कोई आयकर नहीं देना होगा। केंद्रीय बजट पेश करने के बाद अपने वीडियो संदेश में, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा था कि सरकार गरीब और मध्यम वर्ग के लिए कर राहत सुनिश्चित कर रही है।*

*कर अनुपालन को आसान बनाने के लिए, व्यक्तिगत करदाताओं को अब पहले से भरे हुए आयकर रिटर्न उपलब्ध कराए जा रहे हैं। सरकारी कर्मचारियों और उनके परिवारों की सामाजिक सुरक्षा को मज़बूत करने के एक और बड़े कदम के रूप में, केंद्रीय मंत्रिमंडल ने पिछले साल अगस्त में एकीकृत पेंशन योजना को मंज़ूरी दी थी। यह योजना सेवानिवृत्ति से पहले अंतिम 12 महीनों के दौरान प्राप्त औसत मूल वेतन के 50 प्रतिशत के बराबर पेंशन सुनिश्चित करती है, जो कम से कम 25 साल की सेवा वाले कर्मचारियों पर लागू होती है। इस योजना से लगभग 23 लाख केंद्र सरकार के कर्मचारियों को लाभ मिलने की उम्मीद है। कर राहत से लेकर बुढ़ापे में सुरक्षा का वादा करने वाली पेंशन योजनाओं तक, पिछले ग्यारह वर्षों में लाखों लोगों के जीवन को आसान, न्यायसंगत और अधिक सम्मानजनक बनाने के लिए निरंतर और ईमानदार प्रयास किए गए हैं। अश्विनी कुमार शर्मा आकाशवाणी समाचार चंडीगढ़*

**********************************************************************

प्रादेशिक सामाचार आकाशवाणी चंडीगढ़ से प्रसारित किए जा रहे हैं। हमारे बुलेटिनों और ताज़ा समाचारों के लिए आप हमारी वेबसाइट newsonair.gov.in पर लॉग- इन कर सकते हैं। यह समाचार हमारे यू- ट्यूब चैनल और एक्स हैंडल Akashvani News Chandigarh पर भी उपलब्ध हैं।

**********************************************************************

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और उनकी धर्मपत्नी सुमन सैनी ने शारदीय नवरात्रि के आज पहले दिन शक्तिपीठ श्री माता मनसा देवी मंदिर पहुंचकर मां के चरणों में शीश नवाया और सबके लिए मंगल कामना की। पत्रकारों से बातचीत में श्री नायब सिंह ने कहा कि यह नवरात्रि विशेष है क्योंकि आज से नई पीढ़ी के जीएसटी सुधार लागू हुए हैं। राज्य में लगभग 4 हजार करोड़ रुपए का जीएसटी कम हुआ है। हरियाणा के हर व्यक्ति, हर उद्यमी को इससे बहुत लाभ मिलेगा। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे द्वारा जीएसटी सुधारों पर उठाए प्रश्न पर मुख्यमंत्री ने कहा कि विपक्ष के पास मुद्दा नहीं है। कांग्रेस को हर चीज में राजनीति नज़र आती है।

**********************************************************************

हरियाणा सरकार ने नवरात्रि के अवसर पर किसान हितैषी कदम उठाते हुए प्रमाणित गेहूँ बीज पर दी जाने वाली सब्सिडी में बढ़ोतरी की है। इस निर्णय के अनुसार अब गेहूं के प्रमाणित बीज पर पिछले वर्ष की 1000 रुपये प्रति क्विंटल की तुलना में इस वर्ष 1075 रुपये प्रति क्विंटल की बढ़ी हुई सब्सिडी दी जाएगी। यह सब्सिडीयुक्त प्रमाणित गेहूं बीज पूरे राज्य में सरकारी एजेंसियों के बिक्री काउंटरों के माध्यम से मिलेगा।

**********************************************************************

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने आज कहा कि सरकार ने किसानों के हित को देखते हुए धान खरीद कार्य को पहली  अक्तूबर की बजाए आज से शुरू कर दिया है। सरकार द्वारा न्यूनतम समर्थन मूल्य पर किसानों की धान की फसल का एक-एक दाना खरीदा जाएगा। मुख्यमंत्री जिला कुरुक्षेत्र की लाडवा अनाज मंडी में धान के खरीद कार्य का शुभारंभ करने के उपरांत पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे।

*****************************************************************************

पंचकूला के इंद्रधनुष ऑडिटोरियम में राज्य स्तरीय महाराजा अग्रसेन जयंती समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने मुख्यातिथि के तौर पर शिरकत की। समारोह को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि महाराजा अग्रसेन केवल अग्र समाज के ही नहीं बल्कि संपूर्ण भारतीय समाज की महान विभूति थे।

उन्होंने आपसी प्रेम और सहयोग की एक ऐसी मिसाल कायम की जिसका उदाहरण दुनिया के इतिहास में शायद नहीं मिलता है।

पत्रकारों से बातचीत में कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल ने कहा कि मुख्यमंत्री ने महाराजा अग्रसेन की राज्य स्तरीय जयंती मनाकर अग्रवाल समाज को ऋणी बनाने का  काम किया है।

इस अवसर पर महाराजा अग्रसेन जी के संदेश को नृत्य नाटिका द्वारा प्रस्तुत किया गया इस दौरान रक्तदान शिविर भी लगाया गया। कार्यक्रम में पूर्व विधानसभा अध्यक्ष ज्ञान चंद गुप्ता, पूर्व मंत्री असीम गोयल, सावित्री जिंदल सहित समाज के कई गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

*****************************************************************************